Title: Need to ensure that potato growers in Uttar Pradesh, particularly in Farrukhabad district get remunerative price for their produce.

श्री चन्द्र भूषण सिंह (फर्रुखाबाद) : महोदय, उत्तर प्रदेश में पैदा होने वाली आलू की कुल उपज का १/३ हिस्सा अकेले जनपद फर्रुखाबाद पैदा करता है तथा कुल उपज का ३५ प्रतिशत ही कोल्ड स्टोरेज में रखने की जगह है। लगातार खाद, बिजली, पानी आदि महंगा होता जा रहा है लेकिन तीन वर्षों में उसके द्वारा लगाई हुई लागत का आधा पैसा भी नहीं मिल पाता। विगत १९९७-९८ में मौजूदा सरकार ने नेपाल तथा पूर्वी पाकिस्तान जाने वाले आलू पर रोक लगा दी थी। विदेशों में आलू न जाने के कारण इस वर्ष भी आलू का वाजिब दाम नहीं मिल पाया। फर्रुखाबाद में छोटी और बड़ी लाइनों के स्टेशन होने के बाद भी मालगाड़ी के डिब्बे उपलब्ध नहीं होते। इस कारण जनपद का आलू बाहर जाने में असुविधा होती है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि आने वाली आलू की फसल बहुत अच्छी है, किसान को उसकी उपज का सही मूल्य मिले, उसके लिए अभी से विदेश भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा जनपद फर्रुखाबाद के लिए अलग से रेल वैगनों की व्यवस्था कराएं। वहां नये कोल्ड स्टोरेज बनाये जा सकें, उसके लिए मिलने वाली छूट एन.ए.बी.ए.आर.डी. की जगह प्रांतीय स्तर पर वह छूट मिल जाए तो अधिक कोल्ड स्टोरेज बनाए जा सकेंगे।